**सीबीएसई का माइक्रोसॉफ्ट के साथ कोडिंग और डेटा विज्ञान पाठ्यचर्या शुरू करने के लिए सहयोग**

**नई दिल्ली 4 जून, 2021**

सीबीएसई ने शैक्षणिक सत्र 2021-2022 में कक्षा VI-VIII के लिए **कोडिंग** और कक्षा VIII-XII के लिए **डेटा विज्ञान** पाठ्यचर्या को नए कौशल विषयों के रूप में पेश करने के लिए माइक्रोसॉफ्ट के साथ सहयोग किया है।

**कोडिंग और डेटा विज्ञान** पाठ्यचर्या विवेचनात्मक चिंतन, संगणनीय कौशल, समस्या समाधान कौशल, रचनात्मकता के निर्माण और नई प्रौद्योगिकियों के लिए व्यावहारिक जानकारी देने पर केंद्रित है। नई शिक्षा नीति 2020 को ध्यान में रखते हुए, इन कोर्सों की शुरूआत का उद्देश्य छात्रों में अगली पीढ़ी के कौशल का निर्माण करना है।

"जैसा कि हम एक ऐसी दुनिया की ओर बढ़ रहे हैं जो उत्तरोत्तर प्रौद्योगिकी पर निर्भर हो रही है, यह महत्वपूर्ण है कि हम ऐसे कौशल प्रदान करें जो देश भर के छात्रों और शिक्षकों को इस डिजिटल दुनिया में सफल होने के लिए तैयार करते हों। कोडिंग और डेटा विज्ञान पर नई पाठ्यचर्या जिसे हमने माइक्रोसॉफ्ट के साथ साझेदारी में विकसित किया है, यह छात्रों को भविष्य के लिए तैयार करने वाले अधिगम कौशल से युक्त करेगी। यह हमारे छात्रों में आत्मनिर्भरता लाने और उन्हें समस्या समाधान, तार्किक चिंतन, सहयोग और अभिकल्पनात्मक चिंतन जैसे उन कौशलों से युक्त करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है जो सफलता के लिए अहम हैं।" **मनोज आहूजा, अध्यक्ष, सीबीएसई।**

"कोडिंग और डेटा विज्ञान जैसे कौशल भविष्य की मुद्रा/ स्वीकार्य विषय हैं। स्कूली पाठ्यचर्या में इन कौशलों का समावेश भारत के भावी कार्यबल को कार्य की नई दुनिया के लिए तैयार करने में एक मजबूत भूमिका अदा करेगा। हम आज के छात्रों को कल की दुनिया के निर्माण के लिए सशक्त करने हेतु प्रतिबद्ध हैं और सीबीएसई के साथ हमारी साझेदारी उस दिशा में एक मजबूत कदम है।" **नवतेज़ बल, कार्यकारी निदेशक, सार्वजनिक क्षेत्र, माइक्रोसॉफ्ट इंडिया।**

माइक्रोसॉफ्ट ने एनसीईआरटी पैटर्न और स्ट्रक्चर के साथ संरेखित, कोडिंग और डेटा विज्ञान दोनों में अनुपूरक हैंडबुक तैयार की हैं और इनमे वास्तविक जीवन के उदाहरणों को शामिल किया गया है, जिसका उद्देश्य Microsoft MakeCode ethical dimensions से अवगत कराना है, जो एक ओपन-सोर्स प्लेटफॉर्म है जो छात्रों को गणित, भाषा और सामाजिक विज्ञान सहित सभी विषयों में सरल तरीके से बेहतर अधिगम में सक्षम बनाता है, वहीं यह डेटा विज्ञान के एआई आधारित अनुप्रयोगों की नींव रखता है।

**टीम सीबीएसई**